# हेरिटेज सिटी की डीपीआर पर सीएम ने दी सहमति

## टाउन प्लानर के साथ बैठक में तैयार खाका को दिया जाएगा अंतिम रुप, यीडा ने मथुरा में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की रिपोर्ट

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में प्रस्तावित हेरिटेज सिटी की विस्तृत कार्ययोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। अब इस डीपीआर पर मंथन के लिए इसे मुख्य नगर नियोजन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और इस पूरी योजना को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रक्रिया की जाएगी।

दरअसल, राया में प्रस्तावित हेरिटेज सिटी की पूरी रिपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों ने मथुरा में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। सीएम ने इस पूरी योजना की तारीफ की और शासन स्तर पर मंजूरी के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया। उम्मीद जताई जा रही है कि हेरिटेज सिटी की डीपीआर की अनुमति देने के लिए शासन स्तर पर जल्द बैठक होगी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मथुरा में कार्यक्रम था। यहां पर वह ब्रज विकास प्राधिकरण समेत अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। यीडा के अधिकारियों ने भी राया में तीन हजार एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाली हेरिटेज सिटी का विवरण पेश किया। डीपीआर के अनुसार हेरिटेज सिटी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट से 101 और 102 किलोमीटर के बीच से वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर तक 6.9 किमी लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना है, जो प्रथम चरण में छह लेन का होगा। इसी के दोनों तरफ हेरीटेज सिटी को बसाया जाएगा।

### मथुरा में भी होगा औद्योगिक विकास

मथुरा सांसद हेमामालिनी ने पिछले दिनों प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मथुरा क्षेत्र में औद्योगिक सिटी बसाने के लिए बैठक की थी। सीएम की बैठक में हेरिटेज सिटी के अलावा अधिकारियों ने मथुरा के औद्योगिकीकरण की रिपोर्ट को भी प्रस्तुत किया। इस विषय पर अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्राधिकरण के अधिकारियों और सांसद के साथ बैठक प्रस्तावित है।